नामांक Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

No. of Questions — 3

No. of Printed Pages — 7

# SS—34—T.W. (Hindi) (Supp.)

# उच्च माध्यमिक पूरक परीक्षा, 2013
# SENIOR SECONDARY SUPPLEMENTARY EXAMINATION, 2013

## हिन्दी टंकण लिपि

## ( TYPEWRITING HINDI )

समय — 1 घण्टा

पूर्णांक — 40

**परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :**

(1) परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न पत्र पर नामांक अनिवार्यत: लिखें ।

(2) प्रत्येक कागज के एक तरफ टंकण करें ।

(3) प्रत्येक प्रश्न को नये पृष्ठ से आरम्भ करना है ।

(4) प्रत्येक लाइन के बीच में द्विगुणित अवकाश ( Double Spacing ) देकर टंकण करना है ।

(5) प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक सजावट के निर्धारित है ।

1. निम्नलिखित अवतरण को टंकित कीजिए :

**अंक**

टंकण — 18

सजावट — 2

कुल — 20

<u>पुरानी साइकिल</u>

बड़े बुढ़े कहा करते हैं कि "नया नौ दिन, और पुराना सौ दिन," सो जहां तक पुरानी शराब और पुराने चावल की उपयोगिता का सम्बन्ध है, कोई शंका नहीं है, पुराने लोगों की सरलता और सहजता पर भी दो राय नहीं हैं, पुरानी फिल्मी गीतों की लोकप्रियता भी निस्सन्देह है । लेकिन पुरानी साइकिल पर यह कहावत कैसे चरितार्थ होती है, यह बात मेरी समझ में नहीं आई थी । भला आप ही बतलाइये, कि पुरानी साइकिल भी कोई सवारी है । जब कभी आजमाया ऐन मौके पर धोखा दे गई । आज साहब ने जरा दफ्तर जल्दी बुलाया, तो कमबख्त हवा नदारद । जैसे तैसे हवा भरवाकर रवाना हुआ, तो तीन मिनट में तेरह बार चेन गिरा हाथ और कपड़े काले करके, राम का नाम लेते, दफ्तर पहुँचा तो बड़े बाबू की त्योरी सातवें आसमान पर । अब आप ही सोचें ये सब किसके कारण, इस पुरानी साइकिल के कारण ही

न । इसके बजह से बड़े बाबू के नाज नखरे उठाने पड़ते हैं, धोबी को अधिक पैसे देने पड़ते हैं, यार दोस्तों के कटाक्ष सहने पड़ते हैं । फिर भी लोग हैं कि ''नया नौ दिन, पुराना सौ दिन'' का राग अलापते नहीं थकते । अजी नारा बुलन्द करने के पहले कभी पुरानी साइकिल वालों के दिल से भी पूछ लिया करो कि हम पर क्या गुजरती है ? चलती है तो खड़ खड़ाहट से कान की झिल्लियाँ फाड़ती है । ब्रेक लगाओ तो अड़ियल घोड़े की तरह अड़ती नहीं, वरन् रेस के कार की तरह फर्राटे भरती है । आगे बढ़ाना चाहो तो जमकर रह जाती है । फिर तो लाख कोशिश कर लो, टस से मस नहीं होगी, जायेगी तो भी कन्धे पर चढ़कर, नहीं तो कदम नहीं बढ़ायेगी ।

कभी-कभी तो जी चाहता है बेच दूं, लेकिन तब दुनिया के खरीददारों का अकाल पड़ जाता है । अजी और तो और कबाड़ी भी इनकार कर देता है कहता है, कौन रकम लगा कर जगह रोके । लाचार पिताजी की अंतिम निशानी समझ कर इसे संजोये फिरता हूँ । गले में पड़े ढोल को तो बजाना ही पड़ेगा । वैसे ही पुरानी साइकिल का भार भी उठाना ही पड़ता है ।

कभी-कभी तो जी चाहता है कि कहावत जोड़ने वाले महानुभाव कहीं मिल जायें, तो हाथ जोड़कर उनसे पूँछू, क्यों महाराज अफीम की पीनक में तो कहावत नहीं जोड़ बैठे थे । ऐसी लानत मलानत करूं कि उन्हें भी मजा आ जाये, अगर उनमें जरा सी भी शराफत बच गई होगी, तो आगे ऐसी वैसी कहावतें,भूलकर भी नहीं जोड़ेंगे । लेकिन बदकिस्मती कहिये या खुशकिस्मती कि उनके दर्शन ही नहीं होते । नहीं तो मैं क्या कर बैठता, भगवान ही जानें ।

अब तो कर्म फल की तरह यह पुरानी साइकिल, अपने भाग्य से जुड़ गई है । लाख प्रयत्न कर देख लिया, लाख सर पटक लिया, लेकिन यह तो नाछोड़ वन्दे की तरह चिपक गई है, अब इस जन्म में तो क्या, छुटकारा मिलने को है, इससे सौ अगले जन्म की आशा में जीये जा रहा हूँ । ऐसे मौके पर यार दोस्त भी हाथ पैर पसार देते हैं । किसी को कहता हूँ, मेरी साइकिल ले लो, पुरानी चीज है, अच्छी रहेगी, लेकिन, कोई सुनता ही नहीं, सभी बड़ी बेवाकी से कह देते हैं 'ना बाबा ना, अपने बस का यह रोग नहीं' इस रोग तो तुम्हीं संभालो, अपने तो बिना साइकिल के ही भले हैं ।

2. निम्नलिखित पत्र को यथोचित रूप देकर टंकित कीजिए :

**अंक**

टंकण — 8

सजावट — 2

कुल — 10

भारतीय जीवन बीमा निगम

क्रमांक-जीवन सरल /141

संभागीय कार्यालय,

चण्डीगढ़

दि० 15 नवम्बर, 2012

श्री प्रतीक शर्मा

अमृतसर रोड,

सिरसा ।

विषय : आपकी पॉलिसी सं० 982892129 को झुंझनु शाखा कार्यालय में स्थानान्तरण के क्रम में ।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि आपने अपने पत्र दिनांक 05 नवम्बर, 2012 के द्वारा मेरी पॉलिसी सं० 982892129 को झुंझनु ब्रांच में स्थानान्तरित करने हेतु सूचित किया है ।

आपकी उपरोक्त पॉलिसी को इस कार्यालय द्वारा शाखा कार्यालय, झुंझनु कोड ( 19 ) को भेजी जा रही है । कृपया सम्बन्धित शाखा में सम्पर्क कर जानकारी प्राप्त कर लेवें ।

साथ ही आपकी पॉलिसी जीवन सरल संख्या 982892129 का प्रीमियम मासिक किस्त में देय था, इसे आपने वार्षिक किस्त में परिवर्तन हेतु निवेदन किया है । इसी आधार पर आपकी पॉलिसी का प्रीमियम वार्षिक किस्त में परिवर्तित किया गया है । आपका वार्षिक प्रीमियम निम्न प्रकार से है :

| पॉलिसी का प्रकार | पालिसी सं० | वार्षिक प्रिमियम | देय तिथि |
|---|---|---|---|
| जीवन सरल –96 | 982892129 | रु० 75000/- | 25 नवम्बर, 2012 |

उपरोक्त सभी सूचनाएँ शाखा कार्यालय, झुंझनु को भेजी जा चुकी हैं ।

आपने उपरोक्त पॉलिसी पर ऋण हेतु भी निर्धारित आवेदन फार्म भरकर भेजा है । कृपया आप इस सम्बन्ध में झुंझनु शाखा कार्यालय में सम्पर्क करें । क्योंकि आपके आवेदन फार्म को झुंझनु शाखा में अन्य पत्रावली के साथ भेज दिया गया है ।

धन्यवाद ।

Sd /–

डिविजनल मैनेजर

3. निम्नलिखित सारणी को यथोचित रूप देकर टंकित कीजिए :

**अंक**

टंकण — 8

सजावट — 2

कुल — 10

जयसवाल निक्को इण्डस्ट्रीज लि०

( चालु सम्पत्तियाँ रु० लाखों में )

| क्र० सं० | कम्पनी के नाम जिनमें पूर्ण प्रदत्त अंशों में विनियोग किया | अंशों की संख्या | | अंकित मूल्य | बाजार मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 31 मार्च, 12 | 31 मार्च, 11 | | |
| 1. | एन्टारटिका ग्राफिक्स लि० | 53000 | 53000 | 1 | 0·53 |
| 2. | दातार स्विचगीयर लि० | 2200 | 2200 | 10 | 1·05 |
| 3. | एल्बी सर्विसेज लि० | 1400 | 1400 | 10 | 1·96 |
| 4. | एसार स्टील लि० | 60 | 60 | 10 | 0·03 |
| 5. | इस्पात इण्डस्ट्रीज लि० | 60 | 60 | 10 | 0·01 |
| 6. | जिंदल स्टील एण्ड पावर लि० | 100 | 100 | 5 | 0·55 |
| 7. | जे एस डब्ल्यू स्टील लि० | 8 | 8 | 10 | 0·01 |
| 8. | किर्लोस्कर फेरस इण्ड० लि० | 100 | 100 | 5 | 0·02 |
| 9. | टाटा स्टील लि० | 135 | 135 | 10 | 0·41 |
| 10. | त्रिवेणी स्टील ग्लास लि० | 1000 | 1000 | 10 | 1·00 |
| 11. | उषा मार्टिन लि० | 100 | 100 | 10 | 0·05 |